**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**07.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे**

**सुक्खू**

हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दशकों में वन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय वन सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का कुल वन क्षेत्र बढ़कर वर्ष 2023 में 15 हजार पांच सौ 80 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो गया है। और ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

डिस्पैच–– *प्रदेश के वन क्षेत्र में हुई ये वृद्धि राज्य सरकार के सतत वनीकरण, पारिस्थितिकी पुर्नस्थापन और जन सहभागिता आधारित वन प्रबंधन के सफल प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ये उपलब्धि व्यापक पौधरोपण अभियानों, विभिन्न योजनाओं और स्थानीय समुदायों, स्वयं सहायता समूहों व वन सहकारी समितियों की सकिय भागीदारी से संभव हुई है। उन्होंने कहा कि महिलामंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य पंजीकृत संस्थाओं की भागीदारी से वनीकरण अभियानों को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक संगठन को पांच हैक्टेयर तक के बंजर या क्षतिग्रस्त वन क्षेत्र को विकसित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी और इस पर प्रति हैक्टेयर अधिकतम एक लाख 20 हजार रूपए तक की राशि प्रदान की जाएगी।*

**वाल्मीकि जयंती**

आज महर्षि वाल्मीकि जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि को रामायण के रचयिता और संस्कृत के आदि कवि के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने वाल्मीकि जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने पर बल दिया है। ऊना जिला के हरोली उपमंडल के दुलेहड़ गांव में आयोजित छिंज मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने यह बात कही। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों और खिलाडियों के विकास के लिए नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और मध्यम व मैदानी इलाकों में वर्षा हो रही है जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। चंबा, लाहौल–स्पिति, किन्नौर और कुल्लू जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में इस सीजन का पहला हिमपात हुआ है। ताजा बर्फबारी के चलते चम्बा जिला की पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है।

––डिस्पैच–– विकास ''32''

*चंबा जिला में दो दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है जिससे पूरा जिला प्रचंड हिटलर की चपेट में आ गया है जिला में करीब तीन मुख्य सड़क मार्ग वालों की आवाज के लिए अवरुद्ध है रोहित जनजाति क्षेत्र पानी घाटी के समस्त सड़क मार्ग भारी बर्फबारी के चलते अवरुद्ध हुए हैं जिससे घाटी का सड़क संपर्क में सबसे कट चुका है बाकी मुख्यालय खिलाड़ी में जहां चार से पांच इंच तक बर्फ गिर चुकी है वही ऊंचाई वाले क्षेत्र में 8 से 10 इंच तक हो चुका है*।

आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर

उधर खराब मौसम का कुल्लू में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव पर भी असर पड़ा है।

कुल्लू दशहरे का आज छठा दिन है इसे मोहल्ला के नाम से भी जाना जाता है इस दिन मेले में आए सभी देवी देवता भगवान रघुनाथ जी के शुगर में जाकर शेषन बातें हैं वही कल से खराब मौसम वह बारिश का असर भी साफ नजर आ रहा है जिला की ऊंची चोटियों पर ही बात हुआ है भीगी मैदान पर ठंडी हवाओं के कारण लोगों की भीड़ में कमी देखी जा रही है वहीं मेले में व्यापार करने आए व्यापारी भी मौसम के इस मिजाज को लेकर चिंतित है।

आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बारिश का यह क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

आज समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल में बारिश बर्फबारी से 10 डिग्री गिरा पारा, मनाली–लेह मार्ग बंद, पर्यटकों समेत फंसे चार सौ वाहन।** पंजाब केसरी का शीर्षक है–**पहाड़ों पर हिमपात से ठंड बढ़ी, रोहतांग पर्यटकों के लिए बंद, लेह जाने वाले वाहन दारचा में फंसे।** दैनिक जागरण लिखता है–**अक्तूबर में दिसंबर जैसी सर्दी 19 डिग्री तक गिरा पारा** जबकि दैनिक भास्कर का कहना है–**दूसरे दिन भी ऊंची चोटियों में बर्फबारी, 11 डिग्री तक गिरा पारा, लेह जा रहे दो सौ ट्रक दारचा में फंसे**।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**शिमला संसदीय क्षेत्र से मंत्री या विधायक होगा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार।

———————————